महत्वपूर्ण एवं खास

## होटल शिवा इन में पुलिस की दबिश भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त, दो गिरफ्तार

बिलासपुर,(आरएनएस)। चकरभाठा थाना क्षेत्र के होटल शिवा इन मे पुलिस ने छापामार कार्रवाई की अचानक होटल में पहुचे पुलिस को देखकर बैठ कर पीने वाले व कर्मचारी सहम गए और उन्हें शराब छुपाने के समय नही मिला नतीज़तन भारी मात्रा में शराब जब्त किया। पुलिस अधीक्षक आरिफ़शेख ने जिले में अवैध शराब व सट्टे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दी थी। एसपी के निर्देश पर संयुक्त टीम बनाकर मंगलवार की रात रायपुर रोड़ स्थित होटल शिवा इन मे दबिश दी जहाँ पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही थी उसके अलावा होटल के बंद कमरे में भी छुपा कर रखी गई थी। पुलिस ने 12 बोतल 100 पाइपर 48 बोतल बियर हुक्का पीने का चिलम व तम्बाकू जप्त की। छापामारी के दौरान होटल के मैनेजर अनुज कुमार व कर्मचारी अजय साहू को हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई में सीएसपी नसर सिद्दीकी, प्रशिक्षु डीएसपी प्रतीक , शिल्पा साहू ,सहित क्राइम ब्रांच की टीम भी शामिल थी। प्रतिबंध के बावजूद होटल,ढाबा में खुलेआम शराब परोसी जा रही है। देखने वाली बात यह है थाना क्षेत्र के प्रभारी पर क्या कार्रवाई होती है।

## तमनार पुलिस के छापें में दो कुख्यात सटोरिये पकड़ाये हजारो की पट्टी जप्त

रायगढ़,(आरएनएस)। तमनार पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर आज छापा मारकर दो कुख्यात सटोरियों को पकड़ने में सफ्लता प्राप्त की मुखबीरी से सूचना मिली थी की बागबाडी एवं गोढी में दो लोग सटटा खिलवा रहे हैं जिस पर ग्राम बागबाडी में मनोज बेहरा के यहां छापा मारा गया तो उसके पास से 2370 रू नगद 2 मोबाइल, हजारों की सटटा पटटी पर्ची ,1 सटटा चार्ट व एक डाट पेन जप्त किया गया मौके पर आरोपी को गिरफतार कर अपराध धारा 4(क) सार्वजनिक धुर्त अधिनियम का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में की जा रही है दूसरा मामला ग्राम गोढी बरभांठा चौक तमनार का है जंहा गोकुल साव पर रेड डाली गयी तो उसके पास से 44हजार 6सौ रू नगद ,3 मोबाइल, 15 सटटा पटटी 1 सटटा चार्ट व एक डाट पेन बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया उस पर अपराध धारा 4(क) सार्वजनिक धुर्त अधिनियम का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया हैं ।

## भूपेश बघेल हार की जिम्मेदारी लेने से भाग रहे : उपासने

रायपुर,(आरएनएस)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल की कथनी और करनी ठीक खीसयानी बिल्ली की तरह रही उक्त कथन भाजपा प्रवक्ता सचिदानंद उपासने ने कांग्रेस प्रेसवार्ता के बाद कही। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भूपेश बघेल कांग्रेस पार्टी के तारण हार तो नहीं बन पाए लेकिन लाइबिलिटी अवश्य बन गए है । भूपेश बघेल जब से कांग्रेस पार्टी की कमान संभाले हैं तब से कांग्रेस पार्टी हर मोर्चे पर असफ्ल होते आ रही है और अपनी नाकामयाबी को छुपाने भाजपा पर आरोप लगा दायित्वों से बच नहीं सकते हैं। उपासने ने कहा कि राज्यसभा चुनाव मे हार के बाद भूपेश बघेल संतुलित नजर नहीं आ रहे है। 38 वोट कांग्रेस पार्टी के व बसपा का एक वोट कुल 39 वोट कांग्रेस उम्मीदवार को मिलने थे लेकिन उन्हें 39 वोट नहीं मिला जो भूपेश बघेल की रणनीतिक हार है इसकी जिम्मेदारी लेने के बजाय भूपेश भाग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की हार तय थी फ़िर भी लेख राम साहू को मैदान में उतार कर बलि का बकरा बनाया । जीतने की स्थिति में मोहसिना किदवई को राज्यसभा भेजते रहे और हारने के लिए लेखराम साहू को टिकिट दिया भूपेश बघेल आपने ऐसा क्यों किया छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है।

## राज्यव्यापी किशोरी स्वास्थ्य एवं माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान 27 को

**0-जिला, ब्लॉक स्तर तथा सभी हाई, हायर सेकेण्डरी तथा मिडिल स्कूलों में कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित**

धमतरी,(आरएनएस)। आगामी 27 मार्च को एक दिवसीय राज्यव्यापी किशोरी स्वास्थ्य एवं माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिले में भी इस अभियान के तहत् किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज शाम साढ़े पांच बजे कलेक्टर डॉ. सी. आर. प्रसन्ना ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने कहा। कलेक्टर ने बताया कि राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के जरिए किशोरी बालिकाओं में स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता के संबंध में शंकाओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा, जिसमें एक ओर जहां सभी हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल और मिडिल स्कूलों में स्कूली किशोरियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में महिला शिक्षिका, महिला अधिकारी, महिला समाज सेवी, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि के जरिए कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं से संवाद स्थापित कर किशोरी स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूकता लाई जाएगी। वहीं विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित जागरूकता अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग की सी.डी.पी.ओ., स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को कार्यक्रम में सम्मिलित करेंगी।

## संस्कृति व धरोहर की किमत पर नहीं चाहिये विकास ग्रामीणों ने सुनाया फैसला

रायगढ़,(आरएनएस)। महाबीर कोल फि ल्ड को बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव के कोल ब्लाक जारी कर जबरन जनसुनवाई कराये जाने के खिलाफ ग्रामिणों ने आज कलेक्टर को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौपा जिसमें विकास से तौबा करते हुये संस्कृति को बचाने की गुहार लगायी गयी हैं यह सभी जानते हैं की ऐसी जनसुनवाईया प्रायोजित होती है ओर कम्पनी के पक्ष में ही निर्णय दिये जाते हैं इस कोल ब्लाक से तमनार क्षैत्र के 26 गांव बुरी तरह प्रभावित होगे एक तरह से इनका अस्तित्व ही खत्म हो जायेगा इसलिये गांव वाले अब ओर विकास नहीं चाहते उन्हें गांव की संस्कृति व धरोहर की चिंता सता रही हैं वे एक इंच जमीन भी किसी उद्योग को नहीं देना चाहते ये गांव जिले के आदिवासी अधिसूचित ब्लाक की श्रेणी में आते हैं और इन ब्लाक में किसी भी काम के लिए ग्राम सभा की अनुमति आवश्यक होती है। बिना ग्राम सभा के अनुमति प्रस्ताव के कोई भी कल कारखाने उद्योग धंधे खदान नहीं लग सकते। इस तरह के प्रयोजन के लिए सर्वप्रथम ग्राम सभा का अनुमोदन आवश्यक होता है। लेकिन यहां बिना ग्राम सभा प्रस्ताव के कंपनी के पक्ष में सारे फैसले कर दिये गये हैं ऐसे में प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने राज्यपाल को चिट्ठी लिखकर होने वाली जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग की है।इधर प्रशासन ने एम ओ क्यू के तहत जनसुनवाई के लिए सूचना प्रकाशन कर तिथि भी तय कर दी है। इस सूचना प्रकाशन के बाद से ही गांव में विरोध के स्वर उठने लगे थे । ग्रामीणों को कोल ब्लाक के लिये जमीन देने का कटु अनुभव हैं इसके पहले कोल ब्लाक के नाम पर पूर्व में जिस तरह से हजारों की संख्या में आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, रहन सहन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है उसका दुष्परिणाम वे भुगत चुके हैं। अब जब एक और कोल ब्लाक के लिए जनसुनवाई की तारीख निर्धारित कर दी गई है तो ग्रामीणों के समक्ष एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है ग्रामीण किसी भी हालात में कोल ब्लाक प्रभावितों की दुर्दशा देखने के बाद क्षेत्र में और नए कोल ब्लाक की अनुमति देने को तैयार नहीं हैं।

## पूर्ण शराबबंदी के लिए जनता दल यूनाइटेड को मिल रहा जनसमर्थन

रायपुर,(आरएनएस)। बिहार की तरह छग प्रदेश में भी पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष माता मणी तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये गये हस्ताक्षर अभियान को अच्छाखासा जनसमर्थन मिल रहा है। तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 22 से 28 अप्रैल के मध्य चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान के द्वितीय दिवस में लोगों ने बड़ी संख्या में शराबबंदी के खिलाफ हस्ताक्षर कर समाज की इस बीमारी से प्रदेश से मुक्त करने के लिए अपना समर्थन दिया। जदयू रायपुर शहर संयोजक बिसेशर बाघमार ने बताया कि पार्टी का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। समाज में प्रगति के लिए नशा मुक्त वातावरण का होना जरूरी है। महिलाओं पुरूषों युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में दिया जा रहा समर्थन इस बात का प्रमाण है कि लोग शराब के चलते अपने घरों को बर्बाद होने से बचाने के लिए अभियान को समर्थन दे रहे है। हस्ताक्षर अभियान में संजय मिश्रा चंद्रशेखर पांडेय रघुराज सिंह राकेश वर्मा पुनाराम निषाद राजेश वर्मा संतोष निषाद मोहम्मद जिलानी राघवेंद्र साव सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं को शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर शराब के विरोध में समर्थन दिया जा रहा है। अध्यक्ष माता मणी तिवारी ने कहा कि 1 अप्रैल से नये सत्र में शासन द्वारा शराब बेचे जाने का पार्टी विरोध करती है। साथ ही मुख्यमंत्री से विनम्र आग्रह करती है कि बिहार की तर्ज में छग में भी पूर्ण शराबबंदी लागू कर घरों को शराब से बर्बाद होने से बचायें।

## नक्सल हिंसा पीड़ित इलाके में सिविक एक्शन कार्यक्रम

रायपुर,(आरएनएस)। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) द्वारा छत्तीसगढ़ के नक्सल हिंसा पीड़ित इलाकों की जनता को भय मुक्त और तनाव मुक्त वातावरण देने के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आईटीबीपी के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि उनके संगठन द्वारा राजनांदगांव जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालय शिकारीमहका (थाना क्षेत्र-छुरिया) में ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 महिलाओं को एक हजार सेनेटरी नेपकिन सहित मल्टी विटामिन दवाईयां भी वितरित की गई। शिविर में डॉक्टरों ने ग्रामीण महिलाओं को मासिक धर्म के बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कई उपयोगी जानकारी दी और उनकी भ्रांतियों का निराकरण किया। शिविर में आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय बेंगलुरू (कर्नाटक) से आए उप महानिरीक्षक अशोक कुमार नेगी, आईटीबीपी के 38वीं वाहिनी के कमांडेंट नरेन्द्र सिंह, द्वितीय कमान प्रदीप सिंह नेगी, उप सेनानी डॉ. आकांक्षा सिंह, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल शिकारीमहका के प्रधानाचार्य दयाल सिंह मेश्राम, अध्यापिका श्रीमती जानकी साहू, श्रीमती नलिनी कुंजाम, श्रीमती सुनीता जैन और महेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में छात्राएं भी मौजूद थीं। ग्राम पंचायत शिकारीमहका की सरपंच श्रीमती रेवती सिन्हा और अन्य पंचों ने आईटीबीपी के इस आयोजन की तारीफ करते हुए सभी आगंतुक अधिकारियों का स्वागत किया। शिविर में महिलाओं को मासीक धर्म और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर एक वीडियो फिल्म भी दिखाई गई। भारत तिब्बत सीमा - पुलिस के रायपुर स्थित द्वितीय कमान जावेद अली ने बताया कि आईटीबीपी द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और उन योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में गरीब और कमजोर वर्गो की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आईटीबीपी के सामरिक मुख्यालय छुरिया की चिकित्सा शाखा द्वारा पहली बार आयोजित किया।

## छग मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 27 को रवाना होगी ट्रेन

बिलासपुर, (आरएनएस)। छ.ग. मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत बिलासपुर जिले से अजमेर शरीफ , पुष्कर , आगरा (चिश्ती की दरगाह) के लिए 27 मार्च को बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से शाम 6:00 बजे रवाना होगी । सभी चयनित तीर्थयात्री को बिलासपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफ़ार्म नं. 06 पर पहुचने का अनुरोध किया गया हैं।

## जातिगत राजनीति, कांग्रेस के लिये आत्मघाती होगी - भाजपा

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सभा चुनाव में अपनी सुनिश्चित पराजय देखने के पश्चात कांग्रेस द्वारा जातिगत विद्वेष फैलाने के घृणित प्रयास की भाजपा विधायक तोखन लाल साहू, चुनी लाल साहू व खिलावन साहू ने निंदा की है । उन्होंने कहा कि राजनीति समाज और देश के उत्थान हेतु की जानी चाहिये, न कि लोगों को बाँटकर कुर्सी हथियाने के लिये । इसी राह पर चलते हुए साठ सालों तक कांग्रेस शासन करती रही और जनता कँगाल और कांग्रेसी लाल होते रहे । वहीं भाजपा की नीति सबका साथ सबका विकास है । हम जातिगत आधार पर न तो नीतियाँ बनाते हैं और न ही किसी भी पद हेतु प्रत्याशी चुनते हैं । उन्होंने कहा कि आज ओबीसी वर्ग की हितैषी बन रही कॉंग्रेस का ओबीसी प्रेम कहाँ था जब उन्होंने मोहिसिना किदवई को अपना उम्मीदवार चुना था । उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि भाजपा सरकार और सँगठन में हर वर्ग जिसमें ओबीसी भी शामिल हैं, उन्हें पर्याप्त और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व प्राप्त है। प्रदेश अध्यक्ष से लेकर सांसद, मंत्री, संसदीय सचिव और विधायकगण इसी वर्ग से हैं । तोखन लाल साहू, चुनी लाल साहू व खिलावन साहू ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की इस तरह की राजनीति से घृणा करने लगी है तथा वह भाजपा की सबका साथ-सबका विकास की पक्षधर है । कांग्रेस का निरंतर पतन और भाजपा को पूरे देश में मिल रही स्वीकारोक्ति इसकी गवाही है।

## मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों एवं छात्रों ने पैदल मार्च कर राज्यपाल को सौपा ज्ञापन

**0-नेशनल मेडिकल बिल लगाने का किया विरोध**

रायपुर,(आरएनएस)। नेशनल मेडिकल बिल के विरोध में मेडिकल कॉलेज के डाक्टर और छात्रों ने आज मेडिकल कॉलेज से पैदल मार्च कर राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस नेशनल मेडिकल बिल के विरोध में आईएमए के अध्यक्ष समेत मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने पैदल मार्च निकालकर राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए आईएमए अध्यक्ष डॉ महेश सिन्हा ने बताया नेशनल मेडिकल बिल लगाया गया तो डॉक्टरों की बुरी स्थिति हो जाएगी। बिल लगा तो नीम हकीम यूनानी जैसे डॉक्टर भी प्रैक्टिस करेंगे। इसी वजह से इस बिल का विरोध किया जा रहा है।

## 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बर्खास्त

महासमुंद, 24 मार्च (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास विभाग, महासमुंद के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया है कि जिले में अनाधिकृत रूप से हड़ताल कर रहे 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। इसके तहत बागबाहरा परियोजना के तहत 2, पिथौरा में 12, बसना में 11 एवं सरायपाली में 11 और महासमुंद शहर में दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका को बर्खास्त किया गया है। इसके तहत आज पिथौरा के आंगनबाड़ी केन्द्र अठ्ठगुड़ी 1 की कुंतुला डडसेना, नयापारा कला एक की राधाकृष्ण वैष्णव, बोईरलामी एक की प्रियंतीन पटेल, सानटेमरी की कृष्णा पटेल, इंदिरा कॉलोनी देवरी मिनी की रजनी नाग, सलडीह एक की तिलोत्तमा विशाल, सिरको एक की एलसिना गाड़िया, देवलगढ़ सीता परमार, बैतारी की कांचलता साहू तथा चारभाठा एक की जगेन्द्र महापात्र को बर्खास्त किया गया।

## अब की बार कांग्रेस सरकार-पुनिया

राजनांदगाँव,(आरएनएस)। राज्य सभा सांसद छ.ग. के प्रभारी पी.एल.पुनिया प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल , केन्द्रिय मंत्री चरण दास महंत , शिव डहरिया जी, जितेन्द्र मुदलियार के निवास स्थान पहुंचे जहां प्रेस कॉन्फ्रेंस रखा गया था पुनिया ने कहा आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी क्योकि जब रमन सिंह उद्योग मंत्री बने तो बी.एन.सी. मिल बंद हो गई और उसके बाद कोई उद्योग नहीं लगाया गया। भूपेश बघेल ने कहा भाजपा सरकार से किसान वर्ग व्यापारी वर्ग आम जनता परेशान है वे मौके की तलास में है ताकि अतिशीघ्र चुनाव हो तो सरकार उखाड़ कर फेकेंगे। भाजपा सरकार ने जो भी वायदा किया वो आज तक पूरा नहीं कर सकी। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक पंजवानी ने बताया कि पी.एल.पुनिया, भूपेश बघेल, चरणदास महंत एवं डहरिया के मुदलियार के निवास स्थान आगमन पर सभी कांग्रेसजन पूरे उत्साह के साथ स्वागत किये एवं पुनिया जिन्दाबाद भूपेश बघेल जिन्दाबाद महंत जिन्दाबाद के नारे लगाये। तत्पश्चात् जितेन्द्र मुदलियार को गले लगाकर उनको आर्शीवाद दिया इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू, तेजकुंवर नेताम, गिरवर जंघेल, किशन खण्डेलवाल, दिनेश शर्मा, रूबी गरचा, कमलजीत पिन्टू, दौलत चंदेल, संतराम वर्मा, शाहिद खान, हफ़िज़ खान, विभा साहू, आशा अग्रवाल, चंद्रकला देवांगन, हेमंत ओस्तवाल, रौशनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, महेन्द्र बहादुर, शकील रिजवी, राजिक सोलंकी, भरत सोनी, प्रमोद बागड़ी, मोन्टू थामस, कादिर सोलंकी, सुनिल आहुजा, नीतिन बत्रा, विकास गजभीये, गजेन्द्र राजपूत, गोलू नायक, अमित खुशवाहा, प्रदीप बाबा राठौर, गणेश साहू, राकेश चंद्रकार, बबलू सोनी, संतराम वर्मा, अजमानी, जोया खान, अब्दुल कलाम, ललित मरकाम, आशीष साहू आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने सूदूरवर्ती अंचल का दौरा कर ली योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी

कोरबा (आरएनएस)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री विनोद कुमार तिवारी ने जिले के सूदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र लेमरू, गढ़उपरोड़ा, गहनिया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। सचिव ने ग्राम गहनिया पहुंचकर ढेंगुर नाला में निर्मित एनिकट का अवलोकन किया। डीएमएफ के अन्तर्गत लगभग 42 लाख रूपये की लागत से इसका निर्माण किया गया है। सचिव ने गांव के किसान कार्तिक राम मझवार से स्टाप डेम के पानी का उपयोग खेती-किसानी के लिए हो रहा है या नहीं इस संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सौर सुजला के प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए जिससे किसान सिंचाई कर सकें। संयुक्त सचिव श्री तिवारी ने अगले क्रम में लेमरू पहुंचकर स्कूली बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, मध्यान्ह भोजन, शौचालय का उपयोग आदि के संबंध में जानकारी ली। कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत कुमारी वन्ती के बुद्धिमता से प्रभावित होकर उन्होंने ईनाम भी दिया। मिडिल एवं हाईस्कूल के बच्चों से उनकी अभिरूचि एवं भविष्य में क्या बनकर सेवा करना चाहते हो इस संबंध में आत्मीय बातचीत की। शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरू के निरिक्षण के दौरान सचिव ने मरीजों के परिजनों के लिए प्रतिक्षा कक्ष निर्माण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अस्पताल में पदस्थ डाक्टर एल.बी.गौतम एवं बी.डी.नायक से दवाई की उपलब्धता, ओपीडी, संस्थागत प्रसव, कुपोषण मुक्ति आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कर्मचारी आवास गृह के संबंध में जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि आवास में पानी की दिक्कत है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के माध्यम से इसके शीघ्र निदान करने का भरोसा दिलाया। श्री तिवारी ने आदिवासी बालक आश्रम गढ़उपरोड़ा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। आश्रम में निवासरत अमृतलाल राज एवं शिवम मंझवार से आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। छात्रावास अधीक्षक दिलराज सिंह मरकाम ने बताया कि 60 सीटर वाले आश्रम में वर्तमान में 47 बच्चे उपस्थित हैं। सचिव ने किचन का भी निरीक्षण कर धुएं से निबटने के लिए पाईप आदि लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बच्चों से आत्मीय वातावरण में बातचीत कर खूब मन लगाकर पढ़ने की समझाइश दी जिससे माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन हो सके। इस मौके पर कलेक्टर मो. कैसर अब्दुल हक, सीईओ जिला पंचायत इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, परियोजना प्रशासक ए.के.गढ़ेवाल, एसडीएम भास्कर सिंह मरकाम, सहायक आयुक्त अजाक श्रीकांत दुबे, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री देवांगन, जनपद पंचायत सीईओ डा. आराध्या कमार, तहसीलदार टी.आर.भारद्वाज उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 अप्रैल को

रायगढ़,(आरएनएस)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 अप्रैल को जिला न्यायालय रायगढ़ में किया जाएगा।